पत्र संख्या-आई0टी0- मानव सम्पदा--2022-23 // 939 / राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0 अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक ::सितम्बर, 30, 2022

समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर
उत्तर प्रदेश ।
अपर निदेशक (प्रशिक्षण) राज्य कर
प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ।

आप अवगत हैं कि आपके अधीनस्थ कार्यालययों द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर विभाग में कार्यरत अधिकारियों /कर्मचारियों का डाटा फीड कराकर सम्यापित कराये जाने का कार्य त्वरित गति से किया गया है। शासन द्वारा समय-समय पर बैठकें आयाजित कर इस कार्य के प्रगति की समीक्षा भी की जाती है। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर अधिकारियों / कर्मचारियों के सेवा सम्बन्धी फीड कराये गये विवरण का सत्यापन एवं अवशेष विवरण फीड कराने के निर्देश दिये गये हैं।

कृपया वाणिज्य कर मुख्यालय के पत्र सं0-आई0टी0-मानव सम्पदा (2022-23)/257 दिंनाक 17-05-2022 द्वारा आपको अपने अधीनस्थ तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा मानव सम्पना पोर्टल पर दिंनाक 30-05-2022 तक प्रत्येक दशा में शत प्रतिशत फीड कराकर सत्यापित करवाने के निर्देश दिये गये थे।

अत: आप अपने अधीनस्थ तैनात समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों लेखा, लेखा परीक्षा तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीडिंग/संशोधन /Addition किये जाने के उपरान्त भरे गये डाटा को पूर्ण रुप से परीक्षण करने के उपरान्त डाटा को दिंनाक 31-10-2022 तक सत्यापित करवाने के साथ-साथ जोन/ सम्भाग में तैनात समस्त अधिकारियों की Posting Details शत प्रतिशत अद्यावधिक कराना सुनिशिचित करें।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिशिचित किया जाये।

(ओम प्रकाश वर्मा)
अपर आयुक्त, राज्य कर
उत्तर प्रदेश।

पृ0प0 सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. संयुक्त आयुक्त (स्थापना राजपत्रित / अराजपत्रित) राज्य कर मुख्यालय।
2. उपायुक्त एवं आहरण वितरण अधिकारी, राज्य कर मुख्यालय ।

(प्रकाश यादव)
संयुक्त आयुक्त (आई0टी0)
राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।